F.No.- CSU-LKO/2026-2027/Acd.(Exam)/01/
केन्द्रीय संस्कृतविश्वविद्यालय, लखनऊपरिसर
विशाल खण्ड–04, गोमतीनगर, लखनऊ–226010

दिनांक-26.10.2026

कार्यालय आदेश- 152

सभी संयोजकों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि सत्रार्द्ध परीक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने विद्याशाखा में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें—

1. **अध्यापन कार्य की पूर्णता** - निर्धारित पाठ्यक्रम के समस्त अंशों का अध्यापन सत्रार्द्ध परीक्षा से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए तथा किसी भी पाठ्यांश का अध्यापन शेष न रहे।
2. **एसाइनमेंट (सतत् मूल्यांकन) की निगरानी** - यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी छात्र-छात्राओं द्वारा निर्धारित एसाइनमेंट समय से जमा कर दिए गए हों। यदि किसी अपरिहार्य/विशेष परिस्थिति के कारण किसी छात्र का एसाइनमेंट **दिनांक 05 नवम्बर 2026** तक जमा नहीं हो पा रहे हैं, तो सम्बन्धित परिस्थिति का उल्लेख करते हुए नियमानुसार **₹100/- प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क** के साथ एसाइनमेंट यथाशीघ्र जमा करवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। **दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह से वीडियो रिकॉर्डिंग हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा।** अतः सम्बन्धित सभी आवश्यक शैक्षणिक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिए जाएँ।
3. **छात्रों की उपस्थिति** - अपने-अपने विद्याशाखा के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रतिशत की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। विशेष रूप से कम उपस्थिति वाले छात्रों पर ध्यान दिया जाए, ताकि अंतिम समय में उपस्थिति की कमी के कारण कोई छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रह जाए।
4. **अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन** - जिन छात्रों की उपस्थिति कम है, उनके सम्बन्ध में यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं पाठ्यक्रम की पूर्णता प्रभावित न हुई हो। आवश्यकता होने पर पृथक रूप से **अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन** किया जाए, जिससे शेष पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जा सके तथा परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित उपस्थिति की अर्हता भी पूर्ण हो सके।

उपरोक्त बिंदुओं पर **विशेष अवधान देते हुए आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने का आग्रह है।**

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपि -

1. सभी को सूचनार्थ।
2. सभी संयोजकों/विभागाध्यक्षों को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ।
3. डॉ. कविता बिसारिया, संयोजिका, आईक्यूएसी।
4. श्री विवेक कुमार सिंह, सहायक, सम्बन्धित संचिका हेतु।
5. निदेशक कार्यालय प्रति—श्री चन्दन कुमार श्रीवास्तव, डीईओ।
6. वेबसाइट पर अपलोड हेतु—श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक।
7. कार्यालय आदेश संचिका।

निदेशक

Scanned with OKEN Scanner